दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 86 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, गुरुवार, 25 मई 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर




RNI No. : - UTTHIN/2009/27592
स्वतंत्र विचारों की महिला होना आसान नहीं
कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में उत्पादन का अच्छा दाम ...
मूल्य- 2 रु.

## पीएम मोदी आज उत्तराखंड की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देहरादून से दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को बृहस्पतिवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह उत्तराखंड में शुरू होने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। उसके मुताबिक प्रधानमंत्री इस अवसर पर नए विद्युतीकृत रेल खंडों को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी 25 मई को सुबह 11 बजे वीडियो कांफ्रेंस के जरिए देहरादून से दिल्ली के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पीएमओ के मुताबिक यह उत्तराखंड में शुरू होने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन होगी जो विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ, राज्य की यात्रा करने वाले पर्यटकों के लिए आरामदायक यात्रा के एक नए युग की शुरुआत करेगी। इस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का निर्माण स्वदेश में किया गया है और यह कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। पीएमओ ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन के स्वच्छ साधन प्रदान करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप भारतीय रेलवे देश में रेल मार्गों का सौ प्रतिशत विद्युतीकृत करने की कोशिश में है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री उत्तराखंड में नए विद्युतीकृत रेल लाइन खंडों को देश को समर्पित करेंगे। पीएमओ ने कहा कि इसके साथ ही उत्तराखंड में पूरे रेल मार्ग का 100 प्रतिशत विद्युतीकृत पूरा हो जाएगा। उसने कहा, विद्युतीकृत खंडों पर बिजली द्वारा चलाई जाने वाली ट्रेनों के परिणामस्वरूप ट्रेनों की गति में वृद्धि होगी और ढुलाई क्षमता भी बढ़ेगी।

## गोवा के पर्यटन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री का पतंजलि आगमन

पतंजलि योगपीठ योग-आयुर्वेद के क्षेत्र में उच्च गुणवत्तायुक्त आधुनिक संसाधनों व तकनीक का प्रयोग करने वाली विश्वस्तरीय संस्था: रोहण खौंटे

सूचना प्रौद्योगिकी ने पूरे विश्व में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं: आचार्य बालकृष्ण



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** बुधवार को गोवा के पर्यटन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रोहण खौंटे का आगमन पतंजलि योगपीठ में हुआ जहाँ ट्रस्ट के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण महाराज ने मंत्री रोहण खौंटे को शॉल व रुद्राक्ष माला भेंट कर उनका स्वागत किया। भेंट वार्ता के दौरान मंत्री रोहण खौंटे ने कहा कि पतंजलि योगपीठ योग, आयुर्वेद, शिक्षा, स्वदेशी के साथ-साथ पर्यटन व सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी श्रेष्ठ कार्य कर रहा है।

मंत्री रोहण खौंटे ने कहा कि सूचना संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरे विश्व में पर्यटन को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि आचार्य बालकृष्ण के मार्गदर्शन में संचालित भरुआ सोल्युशन्स सूचना एवं तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रहा है। पतंजलि योगपीठ योग-आयुर्वेद के क्षेत्र में उच्च गुणवत्तायुक्त आधुनिक संसाधनों व तकनीक का प्रयोग करने वाली विश्वस्तरीय संस्था है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी ने पूरे विश्व में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। आज इलेक्ट्रॉनिक मेल, वीडियो कान्फ्रेंसिंग आदि सशक्त संचार माध्यम हैं जिनका लाभ पर्यटन को भी मिला है। पर्यटन की दृष्टि से सूचना प्रौद्योगिकी का क्षेत्र इतना व्यापक है कि टूर ऑपरेटर व ट्रैवल एजेंट्स इसके बिना काम करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि आई.टी. क्षेत्र में भरुआ सोल्युशन्स कई सरकारी व गैर सरकारी योजनाओं पर कार्य कर रहा है। कृषि के क्षेत्र में भी सूचना प्रौद्योगिकी किसान भाइयों के लिए वरदान है। सूचना प्रौद्योगिकी के टूल जीयो टैगिंग व जीयो मैपिंग की सहायता से किसान अपनी कृषि भूमि की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकता है। मंत्री रोहण खौंटे ने आचार्य बालकृष्ण से आग्रह किया कि भरुआ सोल्युशन की सेवाओं का लाभ गोवा सरकार को मिले।

## बसपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य ब्रजपाल, पूर्व विधायक हरिदास और पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार राणा को किया पार्टी से बाहर

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती ने उत्तराखण्ड राज्य के पदाधिकारियों की संसोधन सूची जारी की गई। मिली जानकारी के अनुसार चौधरी शीशपाल जी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अदित्या ब्रजपाल, हरिदास, पूर्व विध्याक झबरोडा एवं राम कुमार राणा पुर्व जिला अध्यक्ष को तत्तकाल प्रभाव से पार्टी से निष्कास्ति किया गया है। इसकी सूचना शम्सुद्दीन राईन प्रदेश प्रभारी एवं जी.सी. दिनकर प्रदेश प्रभारी द्वारा दी गई। वर्तमान में प्रदेश प्रभारीयो का संसोधन किया गया जिसमे नरेश कुमार गोतम प्रदेश प्रभारी को हटाकर उनके स्थान पर गिरिश चन्द जी संसाद व रवि सहगल जी को प्रदेश प्रभारी को उत्तराखण्ड नियुक्त किया गया है। जो तत्तकाल से लगू हो गया है। अब देखने वाली है यह बात होगी कि पार्टी के पुराने पदाधिकारियों को बदलकर नए अधिकारियों की नियुक्ति की जाने पर आने वाले लोकसभा चुनाव में क्या असर देखने को मिलेगा यह तो भविष्य के गर्भ में ही छुपा है।

## G-20 शिखर सम्मेलन के लिए देहरादून के जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर विदेशी प्रतिनिधियों का हुआ भव्य स्वागत

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो





**देहरादून।** G20 सम्मेलन में प्रतिभाग करने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल/मेहमानों का जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर तिलक, पुष्प वर्षा एवं तुलसी की माला पहना कर लोक सस्कृति से स्वागत अभिनंदन किया। राज्य की लोक संस्कृति एवं जीवन शैली से रूबरू होते हुए, प्रतिनिधि मंडल/मेहमानों एयरपोर्ट परिसर में राज्य की स्थानीय लोक संस्कृति कार्यक्रम का लुत्फ़ उठाते हुए नृत्य में शामिल हुए/ तस्वीर खिचवाई। इसके उपरांत प्रतिनिधि मंडल/मेहमानों को फिलिट की अगुवाई के साथ वाहनों के माध्यम से नरेंद्रनगर के लिए रवाना किया, मार्ग पर स्थानीय लोगों, महिलाओ, एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उत्सव की तरह फूल वर्षा एवं राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर, हर्ष उल्लास के साथ जी 20 सम्मेलन में प्रतिभाग करने पंहुचे विदेशी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत विदेशी मेहमान नरेंद्र नगर स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल होटल वेस्ट इन पंहुचे जहां उनका परम्परागत तरीके से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सोनिका, डीआईजी/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर, सहित उच्च स्तरीय अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचे मेहमानों का स्वागत किया। आज पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में सऊदी अरब, कनाडा, साउथ अफ्रीका, इंडोनेशिया, टर्की, नाइजीरिया, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, यूनाइटेडकिंगडम, जर्मनी, कोरिया, जापान तथा इनवाइटी देश में इजिप्ट, बांग्लादेश, ओमान, मॉरिशस के प्रतिनिधि मंडल का आगमन हुआ।

## ऊर्जा निगम के अधिकारियों की लापरवाही लाखों की आबादी पर पड़ी भारी, तीन दिन में एक फाल्ट की मरम्मत तक नहीं करा सके

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

मिस्सरपुर, पंजनहेड़ी, अजीतपुर, जीयापोता, जमालपुर कलां, कटारपुर, सराय, गाडोवाली, बहादरपुर जट्ट, फेरुपुर, जगजीतपुर आदि गांवों में है समस्या

**हरिद्वार।** जगजीतपुर पुलिस चौकी के पीछे कुंभ—2016 में बनाए गए बिजलीघर की लाइन में आए फाल्ट की मरम्मत न होने से सोमवार से तीन दिन से लाखों की आबादी उमस भरी गर्मी का जीवन मुश्किल भरा हो गया है। प्रभावित क्षेत्रवासियों को पानी तक मयस्सर नहीं हो रहा है। लोगों में ऊर्जा निगम के लापरवाह अधिकारियों के प्रति आक्रोश है।

मिस्सरपुर, पंजनहेड़ी, अजीतपुर, जीयापोता, जमालपुर कलां, कटारपुर, सराय, गाडोवाली, बहादरपुर जट्ट, फेरुपुर, जगजीतपुर आदि गांवों के साथ के सैकड़ों कालोनियों में पिछले 3 दिनों से बिजली नहीं आ रही है। सोमवार को दिन में 11:00 बजे मातृसदन चौक पर पानी की लाइन के लिए चल रही खुदाई के लिए जेसीबी से भूमिगत केबिल कट गया था। अधिकारी दावा करते रहे कि उसकी मरम्मत चल रही है लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं किया गया, केवल एक गड्ढा खोदकर दो मजदूर बैठाकर काम अधर में छोड़ दिया। गांव और कॉलोनी निवासियों ने हंगामा किया तो मंगलवार की देर शाम को आई आंधी तूफान का बहाना कर दिया कि पेड़ों के गिरने से तार टूट गए हैं। अब पूरे क्षेत्र में हालात ऐसे हो गए हैं कि दो घूंट पानी के लिए भी मुश्किल खड़ी हो गई है। सबसे बड़ी समस्या रसोई और शौचालयों में हो गई है। खाना बनाने के लिए पानी दूर दराज से लाना पड़ रहा है।

कुछ कॉलोनियों में हैंडपंप हैं, लेकिन दूर होने के चलते हुए पानी खींचकर लाना मुश्किल हो रहा है। पानी के साथ उमस भरी गर्मी में समय बिताना मुश्किल हो रहा है। खासकर छोटे—छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानी हो रही है। घरों में लगे एनवर्टर तो सोमवार की शाम तक ही जवाब दे गए है। अंधेरे में रात काटनी मुश्किल हो रही है।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## जी-20 का 'जन्नत'

कश्मीर एक बार फिर 'जन्नत' सा लग रहा है। रात में भी रंगीन रोशनियों में सराबोर है। डल झील लहरा रही है मानो नृत्य की मुद्रा में हो! शिकारे सैलानियों से लबालब हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक, 26 लाख से अधिक पर्यटक कश्मीर आ चुके हैं। अनुमान है कि इस साल यह आंकड़ा 2 करोड़ को पार कर जाएगा। सामान्य हालात का यह साक्षात पक्ष है। कश्मीर का परिसंस्कार किया जा रहा है। जिस 'लाल चौक' इलाके में पाकिस्तान का फरमान चलता था और उसी का झंडा लहराता हुआ दिखता था। हड़ताल का आदेश-सा होता था, तो बाजार बंद करने पड़ते थे और मौत का सा सन्नाटा पसरा रहता था। आज 'लाल चौक' और इर्द-गिर्द के इलाकों में 'तिरंगा' लहरा रहा है। चारों ओर हलचल और गहमागहमी का माहौल है, क्योंकि कारोबार लगातार जारी है। निवेश भी आ रहा है। नई अपेक्षाएं और उम्मीदें हैं। पत्थरबाज नौजवान अब काम में जुट रहे हैं और राज्य का चौतरफा विकास देखने को लालायित हैं। कश्मीर का यह माहौल फिलहाल और अस्थायी नहीं है। अनुच्छेद 370 रद्द करने के बाद ऐसा अंतरराष्ट्रीय आयोजन किया गया है। जी-20 के 29 देशों के 61 प्रतिनिधियों ने कश्मीर बैठक में शिरकत की है। बैठक 24 मई तक जारी रहेगी। प्रतिनिधि पर्यटन, फिल्मों की शूटिंग, स्किल्स, गन्तव्य प्रबंधन, हरित पर्यटन आदि से जुड़े पहलुओं पर विमर्श कर रहे हैं। वैश्विक पर्यटन में कश्मीर भी एक आयाम होगा। जी-20 के भारतीय शेरपा अमिताभ कांत की टिप्पणी के व्यापक अर्थ हैं कि फिल्म निर्माण और रोमांस के लिए कश्मीर से बेहतर स्थान कोई और नहीं है। आतंकवाद के हत्यारे, अलगाववादी और तनावपूर्ण दौर के बाद जब कश्मीर का 'जन्नत' बहाल होता दिख रहा है, तो सुकून होता है और हमारी संप्रभुता की अखंडता भी सुनिश्चित होती है।

इस परिवर्तन का श्रेय जी-20 के आयोजन को भी दिया जाना चाहिए। भारत इस वर्ष जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। सितंबर माह में 'शिखर सम्मेलन' आयोजित होगा, जिसमें इन देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री भाग लेंगे। चीन ने श्रीनगर में जी-20 की बैठक का बहिष्कार किया है, क्योंकि चीन आज भी जम्मू-कश्मीर को 'विवादित क्षेत्र' मानता है। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, यह वैश्विक तौर पर स्पष्ट है। चीन ने पाकिस्तान का समर्थन करते हुए बहिष्कार का निर्णय लिया है। यदि वह शिरकत करता, तो उसकी अतिक्रमणवादी, एकतरफा नीतियों पर बैठक में सवाल किए जा सकते थे। पाकिस्तान का जी-20 से कोई लेना-देना नहीं है। वह न तो सदस्य है और न ही मेहमान की तरह उसे न्यौता दिया गया है। बहरहाल चीन के अलावा सऊदी अरब, तुर्किए और मिस्र ने भी अपने अधिकृत प्रतिनिधि नहीं भेजे हैं, लेकिन उन देशों की निजी कंपनियों, ट्रेवल एजेंट्स और टूर ऑपरेटर्स आदि ने शिरकत की है। यह इन देशों का दोगलापन है। दुनिया जानती है कि जब फरवरी में तुर्किए में महाविनाशकारी भूकंप आया था, तो भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' के जरिए उस देश की कितनी मदद की थी? कितनी जानें बचाई थीं? कितनों को भोजन, पानी, दूध मुहैया कराया गया था? सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा कारोबारी सहयोगी रहा है। फिर भी बहिष्कार समझ के परे है। मिस्र भी सदस्य नहीं, मेहमान देश है। इंडोनेशिया सरीखे इस्लामिक देशों ने भी शिरकत की है। जी-20 दुनिया का सबसे बड़ा, सम्पन्न, कारोबारी, समृद्ध और शक्तिशाली देशों का मंच है।

# स्वतंत्र विचारों की महिला होना आसान नहीं

प्रो. सुरेश शर्मा



'हम आह भी करते हैं तो हो जाते हैं बदनाम, लोग कत्ल भी करते हैं चर्चा नहीं होता।' अकबर इलाहाबादी के इस शे'र में बहुत आक्रोश और शिकायत है। वैसे तो खाना-पीना, पहनना, नाचना, उठना-बैठना, घूमना-फिरना, बातचीत करना किसी के जीवन का व्यक्तिगत मामला है तथा इस पर किसी की टिप्पणी नहीं हो सकती। आमतौर पर नाचते तो सभी हैं अपने निजी जीवन में, लेकिन यदि यह नाच किसी प्रतिष्ठित महिला प्रशासनिक अधिकारी का हो तो चर्चा और बढ़ जाती है। संविधान ने देश के नागरिकों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया है। बशर्ते कि यह स्वतंत्रता किसी दूसरे के जीवन में व्यवधान या परेशानी पैदा न करे। इसके साथ ही सामाजिक तथा व्यक्तिगत जीवन में किसे क्या करना है तथा क्या नहीं करना है, यह भी सभी नागरिकों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। यह व्यक्ति की अपनी सोच-समझ, स्वतंत्रता तथा दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। विशेषकर यदि वह व्यक्ति महत्त्वपूर्ण पद पर सुशोभित प्रशासनिक अधिकारी हो तथा महिला हो तो प्रकरण को जानने की जिज्ञासा और बढ़ जाती है।

आजकल हिमाचल प्रदेश में एक महिला प्रशासनिक अधिकारी का डांस वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होकर चर्चा का विषय बना हुआ है। यह महिला दो वर्ष पूर्व अपने परिवार में अपने जन्मदिन की पार्टी में आधुनिक परिधान में डांस कर रही हैं। अब एक महिला रूप में अपने निजी जीवन में उनके क्या अधिकार हैं तथा उनकी क्या सीमाएं हैं, यह उन्हें तय करना है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी के रूप में किसी का आचरण कैसा हो, यह हमारे व्यावसायिक जीवन के कंडक्ट रूल्स तय करते हैं। अब यह मामला व्यक्तिगत होते हुए सामाजिक तथा प्रशासनिक भी है, लेकिन इसमें व्यक्ति को अपने आचरण की सीमाएं स्वयं तय करनी हैं ताकि व्यक्तिगत, सामाजिक तथा प्रशासनिक रूप से उसकी गरिमा बनी रहे। इस विषय पर कोई किसी को लाइसेंस देने के लिए अधिकृत भी नहीं है। यदि किसी व्यक्ति को किसी का आचरण पसंद न हो तो फेसबुक, ट्विटर, वाट्सएप पर उस व्यक्ति से अपना नाता तोड़ ले, लेकिन किसी को किसी की पोस्ट को सोशल मीडिया पर वायरल करने तथा अनाप-शनाप टिप्पणी करने का अधिकार हरगिज नहीं है। इस वीडियो में नृत्य कर रही यह महिला समझदार है, शिक्षित है, जिम्मेदार है, अपना अच्छा-बुरा जानती है तथा अपने अधिकारों, कत्र्तव्यों, मर्यादाओं तथा सीमाओं को समझती है। वह अपने प्रियजनों तथा मित्रों के साथ जीवन के निजी क्षणों का आनंद ले रही है। इसमें किसी को कोई भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यहां पर टिप्पणी करने वालों को अपनी सीमाओं में रहते हुए अपनी दृष्टि को भी बदलने की आवश्यकता है। हम इस तरह से कोई फैसला सुना देते हैं जैसे हमें सामाजिक नीति संहिता को तय करने का ठेका मिला गया हो। यहां पर कौन व्यक्ति किस सीमा में रहे, कैसा व्यवहार करे, क्या खाए-पिए, क्या पहने यह उस व्यक्ति की सोच-समझ, संस्कार तथा स्वतन्त्रता पर निर्भर करता है। कोई भी व्यक्ति किसी को कोई अन्तिम फैसला नहीं सुना सकता। सोशल मीडिया पर यह नृत्य वायरल होते ही यह महिला प्रशासनिक अधिकारी अपने फेसबुक अकाउंट पर सीधे-सीधे सामने आईं। महिला अधिकारी ने समाज तथा सोशल मीडिया पर बहुत से प्रश्न खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि वे सबसे पहले इनसान हैं, फिर महिला, उसके पश्चात एक अधिकारी। जिस समाज में महिला के कपड़े उसके ज्ञान और कौशल से ज्यादा टिप्पणी का विषय बनें, उस समाज में बदलाव बहुत जरूरी है ताकि आने वाली पीढ़ी को महिलाओं को बराबरी के सभी मायने समझ आएं। महिला अधिकारी की इस जवाबी प्रतिक्रिया में रोष भी है, आक्रोश भी है, भावुकता भी है, यथार्थ भी है तथा विडम्बना भी और धिक्कार भी है। सोशल मीडिया में सामने आए इस जवाबी वीडियो में महिला अधिकारी ने समाज तथा न्यूज चैनलों, फेसबुक पेजिज, इन्स्टाग्राम, वाट्सऐप में अपने चाहने वाले लगभग 94000 लोगों तथा समाज के समक्ष अनेक प्रश्न उठाकर सोचने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी का भी अपने ड्यूटी टाइम के पश्चात अपना निजी जीवन है। प्रश्न यह उठता है कि वर्तमान में एक प्रशासनिक अधिकारी या पढ़ी-लिखी महिला की सीमाएं कौन निश्चित करेगा? क्या यह निजी जीवन की स्वतन्त्रता का हनन नहीं होगा? क्या समाज जैसा कहे, वैसा ही व्यक्ति करने को बाध्य होगा? क्या व्यक्तिगत निजता समाज के कायदे कानून से ऊपर है? क्या व्यक्ति समाज के कायदे कानून से बढक़र है? यह सब तो किसी व्यक्ति की शिक्षा, ज्ञान, सामाजिक व्यवहार, संस्कार तथा उसकी व्यक्तिगत इच्छा पर निर्भर करता है।

# गांवों की बदलती तस्वीर और महिलाएं

अमरपाल सिंह वर्मा

ग्रामीण महिलाएं घर सजाने, खाना बनाने, बच्चे पालने और कपड़े सिलने के अलावा कर भी क्या सकती हैं। जिन्हें बोलना नहीं आता, ऐसी गूंगी गुडिया, नेतागिरी क्या खाक करेंगी? तीन दशक पहले ऐसी टिप्पणियां उस समय की गई थीं, जब 24 अप्रैल 1993 को लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और महिला सशक्तीकरण की सफल क्रियान्विति के लिए महिलाओं को उनकी जनसंख्या के अनुपातिक आधार पर पंचायत संस्थाओं में प्रतिनिधित्व देकर नई क्रांति के सूत्रपात का स्वप्न संजोया गया। पुरुष प्रधान पंचायत संस्थाओं में इस पर हर किसी ने प्रश्नचिन्ह खड़ा किया, मगर आज तीन दशक बाद यह स्वप्न साकार रूप लिए नजर आता है। पहले पांच साल बीते, फिर दस, बीस और अब तीस साल हो गए हैं। 'गूंगी गुडियाएं' न केवल बोल रही हैं बल्कि उन्होंने बड़बोलों की छुट्टी कर दी है। पंचायत संस्थाओं में, खासकर राजस्थान जैसे प्रदेश में जहां औरतें हमेशा पर्दे में रही हैं, नारी शिक्षा का स्तर आज भी अपेक्षित स्तर पर नहीं पहुंच पाया है और लडक़ों के मुकाबले आज भी लड़कियों को कमतर आंका जाता है, यह बदलाव हैरान कर देने वाला है। ग्रामीण-सुलभ झिझक, नारी-सुलभ हया और निरक्षर होने की हीन भावना के साथ सरपंच, उप सरपंच, पंच, प्रधान और जिला प्रमुख बनी महिलाएं अब ऊंची उड़ान भर रही हैं। शुरू की हिचक जाती रही है। महिलाएं कहती हैं कि अब हिचक कैसी, महिलाएं सब कुछ कर सकती हैं। मैंने पिछले पच्चीस सालों में राजस्थान के हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू आदि जिलों में पंचायती राज में महिलाओं की भूमिका को नजदीक से देखा है। सच में जिस तरह की सोच महिलाओं के प्रति व्यक्त की जा रही थी, उनके प्रति व्यवहार भी वैसा ही किया जा रहा था। 73वें संविधान संशोधन के जरिए तीन दशक पहले वंचित, दलित और शोषित वर्ग की महिलाओं के लिए पंचायत संस्थाओं में पद आरक्षित किए गए तो हालात बहुत प्रतिकूल थे। महिलाएं पदों पर तो बैठ गईं, लेकिन वास्तविक सत्ता पुरुषों के पास ही रही। ज्यादातर महिलाएं कहने को ही जन प्रतिनिधि थीं। उनके पतियों ने खुद ही जैडपीपी (जिला प्रमुख पति), पीपी (प्रधान पति), एसपी (सरपंच पति) जैसे पद सृजित कर कुर्सी हथिया ली। महिलाओं की भूमिका रबर स्टाम्प से ज्यादा न रही। सरपंच बनीं महिलाओं को हतोत्साहित करने के लिए उन पर अत्याचार किए गए। वर्ष 2000 में उदयपुर जिले की भानपुरा पंचायत के ग्रामीणों ने ओमली मीणा को निर्विरोध सरपंच चुना तो उसने महिलाओं के लिए अभिशाप बनी 'डायन प्रथा' को खत्म करने का बीड़ा उठाया, लेकिन ओमली को ही डायन करार दे दिया गया। उसे यह कहते हुए बुरी तरह मारा-पीटा गया कि वह डायन है। गांव वालों पर जादू-टोना करती है। वह निरीह महिला रोती रही, चिल्लाती रही, लेकिन हैवानों ने एक न सुनी। उसके घर पर पथराव किया गया। उसका देह शोषण भी हुआ। ओमली के साथ यह सब इसलिए हुआ था कि उसने गांव के दबंगों के दबाव में काम करने से इनकार कर दिया था। कोटड़ा तहसील की महाद पंचायत की 30 वर्षीय पंच फगू को 2005 में उसी के पति ने इसलिए पीट-पीट कर मार डाला क्योंकि उसे फगू का ग्राम विकास के मुद्दों पर सरपंच व ग्राम सचिव से बात करना पसंद नहीं था। जोधपुर जिले के शेखसर की दलित सरपंच किरण के पति को इसलिए झूठे मुकदमे में फंसा दिया गया क्योंकि उसने उप सरपंच द्वारा किरण को जमीन पर बैठा कर खुद सरपंच की कुर्सी पर बैठने का विरोध किया था। 2005 में हनुमानगढ़ जिले की उज्जलवास पंचायत की दलित सरपंच कमला लूणा को सुचारू रूप से चल रहे अकाल राहत कार्यों में गड़बड़ी दर्शाकर उन्हें फंसाने के प्रयास किए गए। यह इसलिए हुआ था क्योंकि कमला ने सरपंच चुनाव में एक पूर्व विधायक के नजदीक कार्यकर्ता को पराजित किया था। वर्ष 2005 में श्रीगंगानगर जिले के 22 क्यू की सरपंच सोमा देवी तथा संघर गांव की सरपंच चंदो देवी को अनियमितताओं के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। राजस्थान में इस तरह के मुकदमें दर्जनों महिलाओं के खिलाफ दर्ज किए गए। इन महिलाओं को तब राहत मिली, जब तत्कालीन राज्यपाल प्रतिभा पाटिल ने इस मामले में दखल दिया। महिला सरपंचों को हतोत्साहित करने के देश भर में ऐसे हजारों मामले हैं, लेकिन धीरे-धीरे स्थिति बदली है, जैडपीपी, पीपी, एसपी पृष्ठभूमि में जाने लगे हैं। महिलाएं अपनी भूमिका का निर्वहन बखूबी कर रही हैं। बहुत सी महिलाओं ने अपने दायित्व को स्वयं निभाकर अपनी काबिलियत को साबित किया है। अब देश भर से महिला सरपंचों की सफलता की कहानियां सामने आती रहती हैं। पंचायती राज के विकास में महिलाओं की भूमिका पुरुषों से किसी रूप में कम नहीं है, यह आभास अब किया जा सकता है।महिला जन प्रतिनिधियों ने न केवल सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई है, वहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ सीना तानकर खड़ी हुई हैं। आज से बीस साल पहले श्रीगंगानगर की जिला प्रमुख सरिता बिश्नोई ने अकाल राहत कार्यों में अनियमितताओं के खिलाफ जमकर आवाज उठाई। मुझे याद है, शिकायतें मिलने पर सरिता न केवल गांव-गांव में गईं, बल्कि एक-एक काम का निरीक्षण कर जांच भी शुरू कराई। उन्होंने पंचायत राज की मजबूती के लिए और अधिकारों की मांग सरकार से की। मैंने विभिन्न जिलों में प्रत्यक्ष देखा है कि उन पंचायतों में ज्यादा सक्रियता और ईमानदारी से काम हुआ है, जहां महिलाएं सरपंच थीं। महिलाओं ने जो ठाना, वह कर दिखाया। 54 जीबी की सरपंच चरणजीत कौर ने अन्य कामों के अलावा अपने गांव में स्कूल भवन बनवाने को तरजीह दी।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# सीएम धामी ने हरिद्वार में हरि सेवा आश्रम के वार्षिकोत्सव, दशहरा महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में किया प्रतिभाग

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हरिपुर कलां हरिद्वार में हरि सेवा आश्रम के वार्षिकोत्सव, दशहरा महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिभाग किया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा आरती एवं पूजा-अर्चना की एवं सन्तों व महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने समारोह को सम्बोधित करते हुये हरि सेवा आश्रम के वार्षिकोंत्सव की सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने कोराना काल का जिक्र करते हुये कहा कि भारत ने कई देशों को कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति करके लाखों लोगों की जान बचाई है तथा वैक्सीन के पैकिंग के डिब्बों के माध्यम से विश्व बन्धुत्व- सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया का सन्देश दिया। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जो सम्पूर्ण मानव मात्र व पूरे विश्व की चिन्ता करता है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जी-20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री के विस्तृत विजन की वजह से जी-20 की बैठकें देश के कोने-कोने में हो रही हैं तथा हमारे प्रदेश उत्तराखण्ड को भी जी-20 की तीन बैठकें करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है, जिनमें से एक बैठक रामनगर में हो चुकी तथा एक का शुभारम्भ आज ऋषिकेश में हो रहा है एवं तीसरी बैठक भी आगामी दिवसों में ऋषिकेश-नरेन्द्रनगर में आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले 11वें स्थान पर थी, जो प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व की वजह से पांचवें स्थान की अर्थव्यवस्था बन गयी है। इस अवसर पर महन्त दुर्गादास जी, महामण्डलेश्वर ललितानन्द गिरि, महामण्डलेश्वर जगदीश दास जी महाराज, गोविन्ददास जी महाराज, महन्त कमलदास जी महाराज, प्रहलाद दास जी महाराज, भारत माता के प्रबन्ध न्यासी आई.डी. शर्मा, रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानन्द, पूर्व विधायक लक्सर संजय गुप्ता, झबरेड़ा पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल,भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, विकम भुल्लर, रमेश शास्त्री, नन्दलाल, प्रो. हेमलता, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी.एल. शाह, एसडीएम पूरण सिंह राणा, सिटी मजिस्ट्रेट सुश्री नूपुर वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी मनीष दत्त, पुलिस, प्रशासन के अधिकारीगण, पदाधिकारीगण, सन्त समाज सहित श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे।



# श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन में चल रही अंतर्कलह पर न्यायालय ने लगाया विराम, जारी किया स्टे

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन कनखल से बड़ी खबर है। अखाड़े के 3 महंत दुर्गादास, महेश्वरदास, अदुवतानंद द्वारा महंत रघुमुनि महाराज, कोठारी दामोदर दास और अन्य संतों के खिलाफ किए गए प्रस्ताव को न्यायालय द्वारा खारिज करते हुए स्टे दे दिया है। आज अखाड़े में महंत रघुमुनि महाराज, कोठारी महंत दामोदर दास महाराज, कमल दास महाराज सहित कई वरिष्ठ संतो ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पिछले दिनों अखाड़े के 3 महंतो द्वारा ऐ असवैधानिक कार्य करते हुए एक तरफा महंत रघुमुनि, कोठारी दामोदरदास महाराज सहित अन्य संतों के खिलाफ प्रस्ताव पास किया था। उसके बाद अखाड़े में हुई पश्चिम पंगत की भेख मंडल की बैठक में उक्त प्रस्ताव की निंदा की थी और तीनों ही महंतो का बहिष्कार भी कर दिया था। महंत रघु मुनि महाराज ने बताया कि मुझे न्यायालय पर पूरा विश्वास था और न्यायिक प्रणाली पर विश्वास करते हुए हम लोग कोर्ट गए थे, सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी, इलाहाबाद कोर्ट ने सुनवाई करते हुए उक्त प्रस्ताव को खारिज करते हुए पूरे मामले में स्टे कर दिया है। उन्होंने कहा कि अखाड़े में कुछ शरारती तत्व मिलकर हमें गलत इरादों से अखाड़ों से निकालना चाहते हैं जिससे कोई रोक-टोक ना रहे और वे लोग अखाड़े की संपत्ति को खुर्द बुर्द कर दें। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं उन्होंने अखाड़े की 1 इंच जमीन भी नहीं बेची है अगर ऐसा है तो वह मीडिया के सामने इसे साबित करें, उनके द्वारा कोर्ट में भी कोई इस तरह का कागज पेश नहीं किया गया है जिसके बाद माननीय न्यायालय ने उनके प्रस्तावों को खारिज कर दिया है उन्होंने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश के बाद वह अखाड़े के महंत है और अखाड़े के कोठारी महंत दामोदर दास महाराज हैं इसके साथ ही अन्य सभी पदाधिकारी अपने पदों पर बने रहेंगे।

# उत्तरी हरिद्वार में सफाई की व्यवस्था चरमराई मेयर और अधिकारी बने मूकदर्शक : विदित शर्मा



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहायक नगर आयुक्त अमरजीत कौर को नाला सफाई व मच्छरों की कीटनाशक दवाई छिड़काव को लेकर ज्ञापन दिया भाजपा नेता विदित शर्मा ने कहा कि उत्तरी हरिद्वार धार्मिक पर्यटक की दृष्टि से होटल धर्मशाला आश्रम मठ मंदिर बड़ी मात्रा में परिवार उत्तरी हरिद्वार में निवास करता है। विश्व पर्यटक स्थल शांतिकुंज सप्त ऋषि भारत माता लाल माता भूमा निकेतन जैसे विश्व विख्यात तीर्थ स्थान इस क्षेत्र में है उसके बावजूद नालों की सफाई ना होना नगर निगम पर एक प्रश्नचिन्ह लगाता है। मेयर को हरिद्वार की जनता से कोई लेना देना नहीं है आज इसका जीता जागता प्रमाण उत्तरी हरिद्वार की जनता कह रही है सफाई व्यवस्था के नाम पर जीरो व्यवस्था है नाही भूपतवाला में कहीं छिड़काव मच्छरों का हो रहा है ना ही फागिंग की कोई दवाई छिड़काव की जा रही है इस प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे भाजपा नेता आकाश भाटी ने कहा कि मेयर अपने कार्यालय पर सफाई व्यवस्था करा कर अपने घर के आस-पास के नाला साफ करा कर पूरे शहर को साफ करने की बात कर रही है मेयर व उनके पति को झूठ की राजनीति से उठकर जमीन पर उतर कर देखना चाहिए आम जनमानस बहुत परेशान है।

गली मोहल्लों में नाले भरे पड़े हैं पेड़ पौधे नालों में लगे हैं सफाई के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं है गायत्री बिहार शिवम एनक्लेव गंगा विहार ओम विहार भारत माता पुरम पीपल वाली गली रानी गली नेपाली गली शिवनगर मस्तराम आरटीओ चौक तक ना ले भरी पड़े हैं मेयर को उत्तरी हरिद्वार की भोली भाली जनता ने भी वोट दिए थे परंतु उन्होंने यहां की जनता को साथ छल करने का काम किया है यदि हफ्ते भर के अंदर नाला सफाई शुरू नहीं होता तो मेयर कार्यालय के बाहर भाजपा नेता धरने पर बैठेंगे ज्ञापन देने वालों में मंडल का पदाधिकारी मंडल महामंत्री आदित्य झा पूर्व जिला मंत्री प्रदीप त्यागी मंडल मंत्री विनय निगम पार्षद मनु सैनी अभिनव तिवारी हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष परविंदर पंडित अमित शर्मा मंडल मंत्री प्रशांत धाघाड़ सुभाष धर्मेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# धर्म और संस्कृति के पुनर्जागरण में मील का पत्थर बनेगा सनातन परिषद का गठन: श्रीमहंत रविंद्र पुरी

सुमित तिवारी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी मायापुर स्थित अखिल भारतीय सनातन परिषद के केंद्रीय व प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन अखिल भारतीय सनातन परिषद अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष और मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत रामरतन गिरि और महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि ने रिबन काटकर किया।



अखिल भारतीय सनातन परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमहंत रामरतन गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी ललित नंद गिरि, महंत रवि पुरी, अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा,अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर सुनील कुमार बत्रा,अविक्षित रमन, अंतर्राष्ट्रीय प्रचार सचिव सतीश वन, अंतर्राष्ट्रीय सदस्य राजबीर सिंह कटारिया, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, प्रदेश संयोजक विशाल गर्ग, प्रदेश सचिव विशाल राठौर, मानवेन्द्र सिंह, राजेन्द्र कटारिया पार्षद, सुधांशु जोशी, कुलदीप अरोड़ा, जीत सिंह, ज्योति शर्मा, आचार्य शिव नारायण शास्त्री,सावन लखेरा,अमित शर्मा,प्रमोद पाल।

# आप कार्यालय में संगठन को लेकर बैठक हुई संपन्न



**देहरादून।** आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संगठन को मजबूत बनाने को लेकर बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने की और कहा कि नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर हमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए विशेष कदम उठाने होंगे एवं वार्ड से लेकर बूथ पर जल्द ही मीटिंग आयोजित की जाएंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आर पी रतूड़ी, प्रदेश प्रवक्ता विपिन खन्ना, कमलेश रमन, उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष रजिया बेग, गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र आनंद ने नगर निगम के मुद्दों पर प्रकाश डाला और अपने विचार रखे। इस दौरान सुशील सैनी, अशोक सेमवाल संध्या चौटाला, यामिनी आले, सोनी कुरैशी, प्रदेश सचिव नासिर खान इकबाल राव, प्यारा सिंह, हरकिशन सिंह, विपिन नेगी सहित कई लोग मौजूद थे।

# म.म. स्वामी उमकान्तानन्द सरस्वती महाराज द्वारा किया गया शिव तांडव स्त्रोत्र का फिल्मांकन

**शिव तांडव स्तोत्र टी-सीरिज द्वारा किया गया रिलीज**

**हरिद्वार।** रावण रचित पारंपरिक शिव तांडव स्त्रोतम पाठ का ओजस्वी पाठ महामंडलेश्वर स्वामी उमकान्तानन्द सरस्वती महाराज द्वारा नए अंदाज़ में नए जोश व नई संगीत के साथ किया है। जिसको टी-सीरिज कंपनी द्वारा लॉन्च कर दिया गया है। इस वीडियो में उनका प्रस्तुतिकरण बेहद ही आकर्षक और मंत्रमुग्द्ध करने वाला है। इस वीडियो में संगीत संदेश शांडिल्य द्वारा दिया गया है। टी सीरिज के ऑफिशियल चैनल टी सीरिज भक्ति सागर पर इस शिव तांडव स्त्रोतम को रिलीज़ किया गया है। जिसका रिस्पॉन्स बेहद ही अच्छा जा रहा है। जानकारी देते हुए स्वामी उमाकांतानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की कृपादृष्टि से कौन भला अछूता रह सकता है। जिन्होंने भी भोलेनाथ को चाहा उन्होंने उन सबके मनोरथ को सिद्ध किया।



# कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में उत्पादन का अच्छा दाम मिले : पुष्कर सिंह धामी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून।** कृषकों को कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में उत्पादन का अच्छा दाम मिले इसके लिए बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। कृषकों की आय दुगुनी करने के लिए उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसानों को मोटे अनाजों के अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करें। किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कृषि, उद्यान एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वय से कार्य करें। अधिकारी बैठक में पूरी तैयारी से आयें, कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड @ 25 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कृषि एवं उद्यान के अल्प, मध्य एवं दीर्घकालिक रोडमैप की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, इसकी मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है, किसानों की आय को बढ़ाने में मिलेट्स अहम भूमिका निभायेगा। तीन सितारा, चार सितारा एवं पांच सितारा होटलों में मिलेट्स की व्यवस्था हो, इसके लिए इन्हें भी प्रोत्साहित किया जाए। पैक्स एवं क्रय केन्द्रों पर मिलेट्स खरीदने की उचित व्यवस्था रखी जाए। जो स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मंडुवा लेंगी, उनको इन्सेंटिव शीघ्र मिल जाए। उन्होंने कहा कि मिलेट्स उत्पादन के लिए प्राकृतिक और परंपरागत रूप से सभी संसाधन राज्य के पास हैं। मिलेट्स के क्षेत्र में उत्तराखण्ड को रोल मॉडल बनाने की दिशा में कार्य किये जाएं।

कृषि अवसंरचना निधि के तहत धीमी कार्य प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि इसमें निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मजबूत कार्ययोजना बनाई जाए। इसके तहत किसानों को ऋण लेने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंदरों से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए जल्द ही वन विभाग, शहरी विकास एवं अन्य संबंधित विभागों की बैठक की जाए।

मुख्यमंत्री ने उद्यान विभाग के रोडमैप की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में पॉलीहाउस स्थापना के कार्यों में अभियान के तहत कार्य किये जाएं। कैबिनेट द्वारा इसके लिए किसानों को 70 प्रतिशत अनुदान देने का निर्णय लिया गया है।

## भाजपा की महानगर कार्यसमिति की बैठक हुई सम्पन्न



**देहरादून, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने स्वामी रामतीर्थ आश्रम, कुठालगेट देहरादून में भारतीय जनता पार्टी, देहरादून महानगर कार्यसमिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यसमिति का शुभांरभ कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्ग दर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृव में प्रदेश में दिन प्रतिदिन दिन विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मंत्री जोशी ने भरोसा जताते हुए कहा कि सरकार का संकल्प है जब राज्य 25 वर्ष का होगा तो कृषि उद्यान श्री अन्न बागवानी सभी में हम अपने उत्पाद को दोगुना करेंगे। इस दिशा में प्रदेश सरकार लागतार कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, विधायक विनोद चमोली, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## बहादराबाद में फिल्म स्टार अक्षय कुमार की शूटिंग की खबर पर लोगों ने लगाई दौड़



**हरिद्वार।** बहादराबाद पुराना बिजली घर पर सुपरस्टार अक्षय कुमार की शूटिंग की सूचना मिलने पर क्षेत्र के लोग दो दिन से दौड़ लगा रहे हैं परंतु किसी भी फिल्म स्टार की उपस्थिति वहां नजर नहीं आई अलबत्ता तीन या चार वैन वहां नजर जरूर आई बताया जा रहा है कि मौसम खराब होने के कारण कोई भी शूटिंग नहीं हो पाई पिछले तीन-चार दिनों से यह वहां डेरा डाले हुए हैं। जिसमें जनरेटर रहने की सुविधा उपलब्ध है अत्यधिक मनमोहक दृश्य होने के कारण अधिकांश लोगों ने मान लिया कि यहा किसी फिल्म की शूटिंग अवश्य हो रही है परंतु कहीं भी ऐसा कुछ नजर नहीं आया कल और आज दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहा यही नहीं कुछ लोगों ने तो वहीं डेरा जमा लिया और वहीं बैठ कर खाना पीना खा रहे हैं। पूरे क्षेत्र में पुराना बिजलीघर चर्चा का विषय बना हुआ है जहां देखो वहीं यही बात हो रही है कि शूटिंग कब होगी परंतु कुछ लोगों को सूचना मिली कि शूटिंग का शेड्यूल चेंज हो गया है थानाध्यक्ष बहादराबाद नितेश शर्मा ने बताया कि शूटिंग के लिए पूर्व अनुमति नहीं थी।

## उत्तराखंड को देश की राजधानी से जोड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने बताया कि वंदे भारत सेमी हाईस्पीड ट्रेन का संचालन पर्वतीय राज्य के विकास लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

क्योंकि उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ एक बड़े पर्यटन क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। इस ट्रेन के संचालन से देवभूमि में आने वाले चारधाम यात्रियों, पर्यटको, उद्योग जगत एवं स्थानीय निवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। आम जनमानस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव की भूरी-भूरी प्रशंसा कर आभार प्रकट कर रहे हैं।

ट्रेन एवं रेल मंत्री रश्मि वैष्णव के स्वागत हेतु हरिद्वार स्टेशन पर विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, स्वामी यतिश्वरानंद, सुरेश राठौर सहित पार्टी के अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

डॉक्टर निशंक ने बताया कि रेलवे के क्षेत्र में जो काम लोकसभा हरिद्वार में पिछले 60 सालों में नहीं हुए वह मात्र 09 वर्षों में हुए हैं यह ऐतिहासिक है इस ट्रेन के संचालन से उद्योग जगत, पर्यटन क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिलेगा। भारत सरकार के द्वारा इस क्षेत्र तथा पूरे देश के अंदर लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाईन हम सबके बीच में इसका उदाहरण है, जिसमें कई सुरंगे और पुल बना दिए गए हैं। वर्ष 2014 से 2022 के बीच में लगभग 1411 किलोमीटर के लिए 06 लाइन दोहरीकरण सर्वे का कार्य किया गया रायवाला, डोईवाला, हर्रावाला और देहरादून स्टेशनों पर 18 कोच वाली ट्रेनों के लिए परिचालन सुविधा का विस्तार किया गया योगनगरी ऋषिकेश का भव्य स्टेशन पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है, योगनगरी ऋषिकेश को विश्व प्रथम श्रेणी की यात्री सुविधाओं के साथ स्वच्छ और हरित स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर यात्री सुरक्षा का विस्तार करते हुए हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर एक्स-रे मशीन की स्थापना के साथ-साथ 46 सीसीटीवी कैमरे एवं मेटल डिटेक्टर के साथ स्टेशन पर बेहतर प्रबंधन के लिए गर्मियों की भीड़ और त्योहारों के मौसम में विशेष व्यवस्था के रूप में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती की गई है। हरिद्वार, देहरादून और योगनगरी ऋषिकेश स्टेशन पर लिफ्ट सुविधा के अलावा रायवाला, ढंडेरा, ऐथल, पथरी, ज्वालापुर, ऋषिकेश में 09 नये फुट ओवर ब्रिज रुड़की रेलवे स्टेशन के लिए सौंदर्यकरण की घोषणा, पाडली गुज्जर अंडरपास का निर्माण संपन्न हुआ, लक्सर में ओवर ब्रिज का निर्माण संपन्न हुआ अंडरपास का कार्य तेज गति से जारी है, खानपुर विधानसभा में डओशनी फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण, चुड़ियाला फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है, मोतीचूर में अंडरपास, आर्य नगर ज्वालापुर में रेलवे द्वारा अंडरपास, टीबड़ी फाटक हरिद्वार में रेलवे द्वारा अंडरपास निर्माण, बहुप्रतीक्षित रुड़की-देवबंद रेलवे लाईन का कार्य जो बंद था वह गतिमान हो गया है।

## सचिवालय परिसर में नवीनीकृत पालना केन्द्र (क्रेच) व स्मार्ट क्लास का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय परिसर स्थित नवीनीकृत पालना केन्द्र (क्रेच) व स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। यह क्रेच सचिवालय के कार्मिकों की ड्यूटी के दौरान उनके बच्चों की देखभाल के उद्देश्य से बनाया गया है। क्रेच में ए.सी, रेफ्रिजरेटर, पेयजल हेतु वाटर प्यूरीफायर, बच्चों के आराम करने के लिए बिस्तर, बाल सुलभ वॉश बेसिन, अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था की गई है। इसमें स्मार्ट क्लास की व्यवस्था भी की गई है। क्रेच में आउटडोर खेल उपकरण लगाये गये हैं। फेन्सिंग, चित्रकारी एवं वाल पेंटिंग से इसे सजाया गया है।

क्रेच में ऊर्जा की बचत हेतु दो किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट (सोलर पैनल पावर कंडीशनिंग यूनिट व बैटरी) की व्यवस्था की गई है जिसमें केन्द्र के स्मार्ट क्लास सिस्टम, एल.ई.डी. लाइटिंग एवं समस्त पंखे संचालित हो सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह सिंह धामी ने कहा कि सचिवालय में कार्मिकों के बच्चों के लिए यह अच्छी सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुविधा के लिए यहां पर अच्छी व्यवस्था की गई है। इससे जहां सचिवालय में कार्य करने वाले कार्मिकों को बच्चों की देखभाल के लिए अच्छी सुविधा मिलेगी, वहीं बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ सीखने के लिए भी अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। क्रेच के नवीनीकरण का कार्य मात्र 18 दिनों में कराने के लिए उन्होंने नोडल विभाग महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के प्रयासों की सराहना भी की। सचिवालय के कार्मिकों ने सचिवालय परिसर में क्रेच की बेहतर सुविधा और बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए इसमें की गई व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास एच.सी. सेमवाल एवं सचिवालय के कार्मिक उपस्थित थे।

## आरएसएस कार्यालय में सक्षम की बैठक का हुआ आयोजन



**हरिद्वार।** समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) की एक बैठक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आर्यनगर स्थित कार्यालय मे जिलाध्यक्ष संदीप अरोड़ा की अध्यक्षता और प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर भाई साहब भी नागपुर से पहुंचे। जिलाध्यक्ष संदीप अरोड़ा ने कार्यकर्ताओं के साथ उन्हे बुके देकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में सक्षम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर भाई साहब ने जिले के कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि सक्षम एक सेवाभावी संगठन है जो दिव्यांगजनो की समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने यह भी कहा कि सक्षम में अपनी सभी जिला इकाइयों में आयामो व प्रकोष्ठों के गठन पर जोर देना होगा। उन्होंने सक्षम के राष्ट्रीय कार्यक्रम दिव्यांग मित्र योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक दिव्यांग मित्र बनाने को कहा। इसे पूर्व संगठन मंत्री ने जमालपुर स्थित सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र का भी निरीक्षण किया और रजिस्टर की जांच की। केंद्र संचालक अनिता वर्मा को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र में अधिक से अधिक दिव्यांगजनो का रजिस्ट्रेशन कर उनके कार्यो का समाधान को गति प्रदान करे। सक्षम उत्तराखंड के प्रान्त सचिव श्री कपिल रतूड़ी ने कहा कि केंद्र के अनुरूप प्रान्त की सभी जिला इकाइयां बेहतर कार्य कर रही है।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया सबसे पतला स्मार्टफोन एज 40




**नयी दिल्ली (वार्ता)।** स्मार्टफोन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मोटोरोला ने भारत में अपना सबसे पतला नया 5जी स्मार्टफोन मोटोरोला एज 40 को लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी कीमत 29999 रुपये है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह इसकी प्रीमियम एज में नया संकलन है। मोटोरोला एज 40 दुनिया का सबसे पतला 5जी (7.58 एमएम) स्मार्टफोन है। इसमें आईपी 68 अंडर वॉटर प्रोटेक्शन का फीचर है। यह प्रीमियम डिजाइन के साथ पीयू वेगन लेदर फिनिश में सैंडब्लास्टेड अल्यूमीनियम मेटल फ्रेम में बना हुआ है। टेक डाइमेंसिटी 8020 प्रोसेसर और परफॉर्मेंस के लिए सेग्मेंट का पहला 144 एचजेड 3डी कर्व्ड डिस्प्ले दिया गया है। इसमें एफ/1.4का कैमरा एपर्चर है। मोटोरोला एज 40 में ओआईएस और 2 यूएम की अल्ट्रा पिक्सल टेक्नोलॉजी के फीचर समेत 50 एमपी का एडवांस्ड कैमरा है। इंस्टैंट ऑल पिक्सल फोकस और हॉरिजन लॉक जैसे फीचरों के साथ यूजर किसी भी तरह की रोशनी में हैरतअंगेज फोटो खींच सकते हैं और वीडियो बना सकते हैं।

इसके अलावा मोटोरोला एज 40 वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट और ईसिम की अनुकूलता के फीचरों के साथ मिलने वाला अपने सेग्मेंट का पहला स्मार्टफोन है। मोटोरोला एज 40 की कीमत 29,999 रुपये है और यह 30 मई से फ्लिपकार्ट, मोटोरोना डॉटइन और दूसरे प्रमुख रिटेल स्टोरों पर मिलेगा। उपभोक्ता इसे 27,999 रुपये में लॉन्चिंग ऑफर मूल्य में खरीद सकते हैं। (इसमें 2000 रुपये का अतिरिक्त बोनस ऑफर) शामिल है। इसे प्रमुख बैंकों से नो कॉस्ट ईएमआई पर 5000 रुपये की मासिक किस्त पर खरीदा जा सकता है। अगर उपभोक्ता इस फोन की बुकिंग 30 मई से पहले खासतौर पर फ्लिपकार्ट पर कराते हैं तो वह सीमित समय के लिए 9500 रुपये के स्क्रीन डैमेज प्रोटेक्शन का प्री ऑर्डर ऑफर का लाभ पा सकते हैं। इस स्मार्टफोन में 50 एमपी का कैमरा सेट अप भी है। इसमें सबसे चौड़ा एफ/1.4 एपर्चर दिया गया है। इसमें ओआईएस समेत हॉरिजन लॉक जैसे कई फ्लैगशिप ग्रेड के फीचर दिए गए हैं, जिससे यूजरों को किसी भी रोशनी में बेहतर फोटो लेने और वीडियो बनाने की इजाजत मिलती है। इसमें 8 जीबी की रैम और उपभोक्ताओं को 256 जीबी यूएफएस 3.1 स्टोरेज दी गई है। इससे उपभोक्ताओं को अपने पसंदीदा फोटो, फिल्म, गाने, ऐप या गेम रखने के लिए पर्याप्त स्पेस मिल जाता है। 5जी बैंड्स, 3 कैरियर एग्रीगेशन और वाईफाई 6 को सपोर्ट मिलता है। मोटोरोला एज 40 में 6.55 इंच का 144 गीगाहट्र्ज का पीओएलईडी डिस्प्ले है।

फोटोग्राफी के शाकीनों के लिए इस स्मार्टफोन में 50 एमपी के मेन कैमरा के साथ एडवांस्ड कैमरा सिस्टम दिया गया है। यह स्मार्टफोन मैक्रोविजन के साथ 13 एमपी के अल्ट्रावाइड कैमरा को सपोर्ट करता है, जिससे पिक्चर लेते समय ज्यादा से ज्यादा लोगों को फ्रेम में फिट किया जा सकता है। इसमें 32 एमपी का हाई-रेंज सेल्फी कैमरा भी है।

# एसजेवीएन ने 2022-23 के दौरान 3299 करोड़ की सर्वाधिक आय दर्ज की: शर्मा

**शिमला (वार्ता)।** सतलुज जल विद्युत परियोजना के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने बताया कि एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक का सर्वाधिक 3299 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि गत उच्चतम राजस्व वित्तीय वर्ष 2014-15 में दर्ज किया गया था जब यह 3256 करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा कि राजस्व में गत वर्ष के 2626 करोड़ रुपए की तुलना में 25.67 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। बोर्ड ने 1.77 रुपए प्रति शेयर (10 रुपए प्रति शेयर की फेस वैल्यू पर) के लाभांश की भी अनुशंसा की है।

नन्द लाल शर्मा ने आगे बताया कि एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर पश्चात लाभ (पीएटी) 1363.45 करोड़ रुपए दर्ज किया है जो गत वित्तीय वर्ष की तुलना में 39.48 फीसदी अधिक है, जब पीएटी 977.52 करोड़ रुपए था। जबकि एसजेवीएन का नेटवर्थ 13128 करोड़ रुपए से बढ़कर 13822 करोड़ रुपए हो गया, जिसमें लगभग 694 करोड़ रुपए की वृद्धि है। शर्मा ने कहा कि कर पूर्व लाभ में वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1343.44 करोड़ रुपए की तुलना में 28.93: की वृद्धि हुई है जो 1732.13 करोड़ रुपए है। इस अवधि के दौरान प्रति शेयर आय (ईपीएस) भी 34.61: की वृद्धि के साथ 2.60 रुपए से बढ़कर 3.50 रुपए हो गई है। शर्मा ने आगे बताया कि एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अपने महत्वाकांक्षी पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। 8240 करोड़ रुपए के साथ, कंपनी ने भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा निर्धारित 8,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य को पार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा केंद्रीय विद्युत मंत्री आर के सिंह के मार्गदर्शन में, एसजेवीएन ने राष्ट्र के आर्थिक और ढांचागत विकास में योगदान करने के लिए यह लक्ष्य हासिल किया है। शर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए विद्युत सीपीएसई में 8,000 करोड़ रुपए का कैपेक्स लक्ष्य तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य था। इस उपलब्धि से और दृढ़ हुए विश्वास और उच्च मनोबल के साथ एसजेवीएन अब वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10,000 करोड़ रुपए के विशाल पूंजीगत व्यय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार है। वर्तमान में एसजेवीएन अखिल भारत एवं पड़ोसी देश नेपाल में 14 विद्युत परियोजनाओं और दो ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण कर रहा है।

एसजेवीएन ने विद्युत उत्पादन में अपना अनुकरणीय निष्पादन जारी रखा है और गत वर्ष के 9207 मिलियन यूनिट के उत्पादन को पार करते हुए, वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपने सभी पावर स्टेशनों से 9283 मिलियन यूनिट का उत्पादन हासिल किया है। शर्मा ने सभी कर्मचारियों के एकजुट प्रयासों और समर्पण की सराहना की। सकारात्मक विकास प्रतिशतता हमारी प्रचालन इकाइयों के इष्टतम उपयोग, बेहतर विद्युत उत्पादन रिकॉर्ड के लिए लगातार प्रयास, सर्वोत्तम वित्तीय प्रथाओं को अपनाने और कंपनी के पोर्टफोलियो में क्षमता वृद्धि पर रणनीतिक ध्यान देने का परिणाम हैं। एसजेवीएन तीव्रता से विस्तार और क्षमता वृद्धि के दौर में है और अब कंपनी का परियोजना पोर्टफोलियो 77 परियोजनाओं के साथ 47279 मेगावाट का है। कंपनी वर्ष 2023-24 तक 5000 मेगावाट, 2030 तक 25000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50000 मेगावाट की स्थापित क्षमता के अपने साझा विजन को हासिल करने के लिए जोश के साथ अग्रसर है।

## श्रीनगर के लेक व्यू सेंटूर होटल के 145 कर्मचारी दूसरी जगहों पर होंगे समायोजित

**श्रीनगर, (वार्ता)।** केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में यहां कोई हुई प्रशासनिक परिषद की बैठक में होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) के सेंटॉर लेक व्यू होटल, श्रीनगर में कार्यरत 145 स्थायी कर्मचारियों को विभिन्न निगमों में समाहित करने की मंजूरी दी गयी। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार यह निर्णय एक समिति की सिफारिशों पर किया गया है। परिषद के निर्णय के अनुसार एचसीआईएल के इस होटल के मौजूदा कर्मचारियों को जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश द्वारा मौजूदा नियमों और शर्तों पर समाहित किया जाएगा और उनकी इस अवधि के लिए कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति, ग्रेच्युटी और अन्य लाभों का भुगतान किया जाएगा। उनकी पिछली सेवावधि के लिए ग्रेच्युटी और अन्य लाभों का भुगतान एचसीआई एचसीआई द्वारा वहन किया जाएगा। उप-राज्यपाल के सलाहकार बैठक में राजीव राय भटनागर, मुख्य सचिव डॉ अरुण कुमार मेहता और उप-राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ मनदीप कुमार भंडारी भी शामिल थे। विज्ञप्ति के अनुसार एक मई 2023 की स्थिति के अनुसार सेंटॉर लेक व्यू होटल के 145 स्थायी कर्मचारी होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के कर्मचारियों की सूची में हैं। अब इन्हें जम्मू और कश्मीर पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, जम्मू और कश्मीर केबल कार कॉर्पोरेशन लिमिटेड और शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर श्रीनगर में मौजूदा नियमों और शर्तों पर समाहित किया जाएगा। उन्हें समायोजित करने की व्यवस्था पर्यटन विभाग द्वारा संबंधित निगमों की आवश्यकता और अवशोषण क्षमता के अनुसार की जाएगी।

## एसजेवीएन ने 3299 करोड़ की सर्वाधिक आय दर्ज की

**शिमला।** नंद लाल शर्मा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसजेवीएन ने सूचित किया कि एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक का सर्वाधिक 3299 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया है। गत उच्चतम राजस्व वित्तीय वर्ष 2014-15 में दर्ज किया गया था, जब यह 3256 करोड़ रुपए था। उन्होंने आगे कहा कि राजस्व में गत वर्ष के 2626 करोड़ रुपए की तुलना में 25.67 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। बोर्ड ने 1.77 रुपए प्रति शेयर 10 रुपए प्रति शेयर की फेस वैल्यू पर के लाभांश की अनुशंसा की है।

# 2000 रुपए के नोट की वापसी से तरलता व जमा पर अनुकूल प्रभाव:घोष

**कोलकाता (वार्ता)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 2000 रुपये के नोट को वापस लिया जाना एक गैर-घटना है, लेकिन इसका तरलता, बैंक जमा और ब्याज दरों पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा।

भारतीय स्टेट बैंक समूह (एसबीआई) के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष के अनुसार डिजिटल भुगतान में, भारत मूल्य और मात्रा दोनों के संदर्भ में नए मील के पत्थर देख रहा है, जो हमारे भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती और उपभोक्ताओं के व्यापक स्तर द्वारा स्वीकृति का संकेत है। यदि हम कम से कम सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) के कुल डिजिटल भुगतान प्रतिशत को देखें, तो यह वित्त वर्ष 2016 में 668 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 767 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि जीडीपी के रूप में खुदरा डिजिटल भुगतान (आरटीजीएस को छोड़कर) वित्त वर्ष 2016 में 129 प्रतिशत से वित्त वर्ष 2023 में 242 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इन सबके बीच, यूपीआई भारत में सबसे लोकप्रिय और पसंदीदा भुगतान मोड के रूप में उभरा है। भारत में व्यक्ति से व्यक्ति के




साथ-साथ तथा व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन में अग्रणी है, जो कुल डिजिटल भुगतान का 73 प्रतिशत है।

घोष ने कहा कि हमारे शोध से पता चलता है कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्र अब यूपीआई में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए जिम्मेदार हैं, जो लोकप्रिय धारणा को तोड़ते हैं कि मेट्रो/शहरी क्षेत्र डिजिटल भुगतान अपनाने और नवाचारों का बड़ा केन्द्र हैं। शीर्ष 15 राज्यों का मूल्य/मात्रा में 90 प्रतिशत हिस्सा है। यूपीआई ने न केवल भारत के भुगतान परिदृश्य को बदल दिया है, बल्कि उस उद्देश्य को भी महत्वपूर्ण रूप से बदल रहा है जिसके लिए मुद्रा का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि शोध में पाया गया कि 18 नवंबर से एटीएम में डेबिट कार्ड के माध्यम से नकद निकासी में कमी आई है, जो यूपीआई के लिए रास्ता बना रहा है। घोष ने कहा कि भले ही 2000 रुपये के नोट निकासी का प्रभाव एक गैर-घटना है, तरलता, बैंक जमा और ब्याज दरों पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बैंक पहले से ही इनमें से कुछ नोटों को अपनी करेंसी चेस्ट में रखेंगे, इस प्रकार डिपॉजिट पर प्रभाव सीमित होगा और हमारा मानना है कि करेंसी चेस्ट में रखी राशि को छोड़कर तीन खरब रुपये की लगभग पूरी राशि बैंकिंग प्रणाली में वापस आ जाएगी।

# गुजरात को हराकर 10वीं बार फाइनल में चेन्नई



**चेन्नई, (वार्ता)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने रुतुराज गायकवाड़ (44 गेंद, 60 रन) के शानदार अर्द्धशतक और रवींद्र जडेजा (22 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटन्स को 15 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। चेन्नई ने गुजरात के सामने 173 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में गुजरात 157 रन बनाकर पारी की आखिरी गेंद पर ऑलआउट हो गयी।

चेपौक की चुनौतीपूर्ण पिच पर जहां अन्य बल्लेबाज संघर्ष करते नज़र आये, वहीं सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ ने 44 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ 60 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेलकर चेन्नई की जीत का रास्ता आसान कर दिया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे जडेजा ने 16 गेंद पर 22 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

यह स्कोर गुजरात के लिये बहुत बड़ा साबित हुआ। जडेजा ने मध्य ओवरों में गुजरात को रनों के लिये तरसाया दिया और अपने चार ओवर में मात्र 18 रन देकर दो विकेट लिये। महीष तीक्षणा ने उनका बखूबी साथ निभाया और चार ओवर में 28 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। राशिद खान (16 गेंद, 30 रन) ने कुछ अच्छे शॉट खेलकर संघर्ष किया, हालांकि यह गुजरात को जीत दिलाने के लिये काफी नहीं था। चेन्नई रिकॉर्ड 10वीं बार आईपीएल के फाइनल में पहुंच गयी है जहां वह पांचवीं बार खिताब जीतने के लिये 28 मई को अपनी दावेदारी पेश करेगी। गुजरात को फाइनल में पहुंचने के लिये दूसरे क्वालीफायर के रूप में एक और मौका मिलेगा, जहां उसका सामना लखनऊ सुपर जायंट्स या मुंबई इंडियन्स में से किसी एक से होगा।

गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद शमी के दम पर सधी हुई शुरुआत की। अपना पहला आईपीएल मैच खेल रहे दर्शन नालकंडे ने दूसरे ओवर में गायकवाड़ को कैच आउट करवा दिया, हालांकि यह गेंद नो बॉल होने के कारण चेन्नई के बल्लेबाज को जीवदान मिला। गायकवाड़ ने यह जीवनदान मिलने के बाद इस ओवर में एक छक्का और चौका जड़ते हुए लय हासिल कर ली। दूसरे छोर पर खड़े कॉनवे ने जहां हाथ खोलने के लिये समय लिया, वहीं गायकवाड़ ने आक्रामक रुख अपनाकर चेन्नई को पावरप्ले में 49 रन तक पहुंचाया।

गायकवाड़ और कॉनवे के बीच पहले विकेट के लिये 87 रन की मजबूत साझेदारी हुई, जिसे मोहित शर्मा ने गायकवाड़ का विकेट लेकर तोड़ा। गायकवाड़ का विकेट गिरते ही चेन्नई की पारी धीमी पड़ गयी। नूर अहमद ने शिवम दूबे को एक रन के स्कोर पर आउट कर दिया। अंतिम ओवरों की ओर बढ़ते हुए अजिंक्य रहाणे (10 गेंद, 17 रन) ने रनगति बढ़ाना चाही लेकिन दर्शन को छक्का जड़ते ही अगली गेंद पर वह कैच आउट हो गये। कॉनवे ने 34 गेंद पर 40 रन की पारी खेली और उनका संघर्ष राशिद खान ने समाप्त किया।

## ओपन राइफल शूटिंग स्पर्धा में ऋत्विक का स्वर्णिम निशाना, प्रतियोगिता में 54 प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम



**शिमला।** हिमाचल के ऋत्विक जिष्टु ने अखिल भारतीय ओपन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर हिमाचल का नाम रोशन किया है। नई दिल्ली में 16 से 22 मई तक अखिल भारतीय ओपन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता हुई।

प्रतियोगिता में 54 प्रतिभागियों ने दमखम दिखाया। अखिल भारतीय ओपन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 614.1 स्कोर के साथ ऋत्विक का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। उत्तर प्रदेश के द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों ने क्रमशः 612.7 तथा 612.6 का स्कोर अर्जित किया। ऋत्विक जिष्टु का जन्म 24 अक्तूबर, 2009 को शिमला में हुआ और वह मूलतः रामपुर के 15 बीश शीला भावी सरपारा के निवासी हैं।

उनके पिता स्वर्गीय भगवान दास जिष्टु, हिमाचल प्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर कार्यरत थे। ऋत्विक वर्तमान में स्टोक्स मेमोरियल स्कूल, पुजारली में कक्षा आठवीं के छात्र हैं।

ऋत्विक ने अपनी सफलता का श्रेय कोच रविंदर प्रकाश को दिया है। हिमाचल प्रदेश राइफल शूटिंग एसोसिएशन के महासचिव ईश्वर रोहाल ने ऋत्विक को शुभकामनाएं दी हैं।

# अतंरराष्ट्रीय

## इटली ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए आपातकालीन सहायता पैकेज को मंजूरी दी



**रोम, (वार्ता)।** इटली के मंत्रिपरिषद ने एमिलिया-रोमाग्ना क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए व्यापक आपातकालीन सहायता पैकेज को मंजूरी दी है।

मंत्रिपरिषद ने कहा कि इस क्षेत्र में भारी वर्षा के एक सप्ताह बाद पारित किया गया यह पैकेज 02 अरब यूरो (2.2 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का है और इसका उद्देश्य बाढ़ से प्रभावित आबादी और कंपनियों को राहत और सहायता प्रदान करना और आपातकालीन चरण से उबरने के लिए तेजी से आगे बढ़ना है। यह पैकेज इटली में किसी राष्ट्रीय आपदा के लिए अब तक के सबसे बड़े पैकेजों में से एक है। एमिलिया-रोमाग्ना में एक मई से भारी बारिश शुरू हो गयी थी तथा सबसे अधिक नुकसान 16 और 17 मई को हुआ, जब इस क्षेत्र में 36 घंटो की अवधि के भीतर छह महीने की बारिश हुई। बाढ़ के कारण कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और कई हजारों बेघर हो गए। अनुमान है कि बाढ़ से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, उद्योग और कृषि-खाद्य क्षेत्र को व्यापक नुकसान हुआ है। इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने मंगलवार को कहा कि प्रभावित क्षेत्र के लिए अधिक सहायता बाद में आ सकती है।

## मंदिरों पर हमला करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : आस्ट्रेलिया



**सिडनी, (वार्ता)।** आस्ट्रेलिया ने आज भारत को आश्वस्त किया कि देश में मंदिरों पर हमला करने वालों और भारत में अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के साथ यहां एडमिरल्टी हाउस में द्विपक्षीय बैठक में श्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर होने वाले हमलों और अलगाववादी तत्वों की गतिविधियों के संबंध में श्री अल्बनीज से बात की। एडमिरल्टी हाउस में आगमन पर श्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बैठक में भारत ऑस्ट्रेलिया प्रवासन और आवागमन साझेदारी व्यवस्था (एमएमपीए) पर हस्ताक्षर किए गए। मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा, "ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर होने वाले हमलों और अलगाववादी तत्वों की गतिविधियों पर हमने पहले भी बात की थी, और आज भी हमने बात की है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के सौहार्दपूर्ण रिश्तों को कोई भी तत्त्व अपने विचारों या अपने एक्शन से आघात पहुंचाए, यह हमें स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने इस सन्दर्भ में जो कदम उठाए हैं मैं उसके लिए उनका धन्यवाद देता हूँ। और साथ ही उन्होंने मुझे एक बार फिर आश्वस्त किया कि वो ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते रहेंगे।" मोदी ने श्री अल्बनीज़ के साथ एक साल में छह मुलाकात होने का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमारे व्यापक संबंधों की गहराई, हमारे विचारों में सामंजस्य तथा हमारे सहयोग की परिपक्वता को दर्शाता है। अगर क्रिकेट की भाषा में कहें, तो हमारे संबंध टी-20 मोड में आ गए हैं। उन्होंने कहा, "हमारे लोकतांत्रिक मूल्य हमारे संबंधों का मूल आधार हैं।

## आईएमएफ ने यूक्रेन के लिए विस्तारित फंड सुविधा कार्यक्रम की समीक्षा के लिए मिशन शुरू किया

**वाशिंगटन, (वार्ता)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मिशन ने यूक्रेन के साथ विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) कार्यक्रम की पहली समीक्षा पर काम करना शुरू कर दिया है। नेशनल बैंक ऑफ यूक्रेन (एनबीयू) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने 31 मार्च को चार साल के ऋण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में यूक्रेन को 15.6 अरब डॉलर के आवंटन को मंजूरी दी। यह यूक्रेन के लिए सबसे बड़ा ऋण है और संघर्ष में शामिल देश के लिए आईएमएफ से पहला महत्वपूर्ण वित्तपोषण पैकेज है। बाद में, आईएमएफ ने 19 संरचनात्मक बिंदुओं को प्रकाशित किया, जिसमें यूक्रेन को निर्दिष्ट राशि के लिए सहयोग कार्यक्रम के तहत पूरा करने का वादा किया गया। एनबीयू ने टेलीग्राम पर कहा, "अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के मिशन ने विस्तारित फंड सुविधा के संयुक्त कार्यक्रम की पहली समीक्षा करने के लिए काम करना शुरू कर दिया है।"

## उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें

### टीवी इंडस्ट्री को जबरदस्त झटका, टॉप अभिनेता नितेश पांडे का कार्डियक अरेस्ट से निधन



**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री को बुधवार सुबह एक बहुत बड़ा झटका लगा है। टीवी के टॉप एक्टर्ज में शुमार नितेश पांडे का कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया है। नितेश पांडे ने टीवी में कई शोज़ में काम किया है। साथ ही फिल्मों में भी उन्होंने कई रोल अदा किए हैं। वह शाहरूखान के साथ भी काम कर चुके हैं। टीवी के पॉपुलर शो अनुपमा में भी उन्होंने अहम रोल अदा किया था। अचानक उनकी मौत से टीवी इंडस्ट्री स्तब्ध है और सभी की आंखें नम हैं। नितेश पांडे का पहली पत्नी से तलाक हो गया था और फिर उन्होंने दूसरी शादी की थी।



| क्र0सं0 | नाम निरी0/उ0नि0 नापु0 | कहाँ से | कहाँ को |
|---|---|---|---|
| 1 | निरीक्षक रमेश तनवार | प्रभारी निरीक्षक थाना सिडकुल | प्रभारी निरीक्षक थाना पथरी |
| 2 | उ0नि0 नरेश राठौर | थानाध्यक्ष कनखल | थानाध्यक्ष सिडकुल |
| 3 | उ0नि0 नितेश शर्मा | थानाध्यक्ष बहादराबाद | थानाध्यक्ष कनखल |
| 4 | उ0नि0 अनिल चौहान | थानाध्यक्ष बुग्गावाला | थानाध्यक्ष बहादराबाद |
| 5 | उ0नि0 मनोहर भण्डारी | प्रभारी सीआईयू रूड़की | व0उ0नि0 भगवानपुर |
| 6 | उ0नि0 पवन डीमरी | थानाध्यक्ष पथरी | प्रभारी सीआईयू रूड़की |
| 7 | उ0नि0 मनोज शर्मा | व0उ0नि0 गंगनहर | थानाध्यक्ष बुग्गावाला |
| 8 | उ0नि0 नरेश गंगवार | व0उ0नि0 रूड़की | कोतवाली ज्वालापुर |
| 9 | उ0नि0 दीप कुमार | पुलिस लाईन | व0उ0नि0 रूड़की |
| 10 | उ0नि0 प्रदीप तोमर | कोतवाली गंगनहर | व0उ0नि0 गंगनहर |
| 11 | उ0नि0 लोकपाल परमार | चौकी प्रभारी मण्डावर थाना भगवानपुर | व0उ0नि0 पथरी |
| 12 | उ0नि0 यशवीर नेगी | थाना भगवानपुर | चौकी प्रभारी गैस प्लाण्ट को0 रानीपुर |
| 13 | उ0नि0 नरेन्द्र | कोतवाली मंगलौर | चौकी प्रभारी मण्डावर थाना भगवानपुर |
| 14 | उ0नि0 विपिन कुमार | चौकी प्रभारी सोत ए. को0 गंगनहर | चौकी प्रभारी बाजार, को0 लक्सर |
| 15 | उ0नि0 अभिनव शर्मा | व0उ0नि0 थाना कनखल | कोतवाली रानीपुर |
| 16 | उ0नि0 नीरज सिंह रावत | चौकी प्रभारी बाजार, को0 लक्सर | चौकी प्रभारी तेज्जुपुर, थाना भगवानपुर |
| 17 | उ0नि0 दीपक चौधरी | चौकी प्रभारी तेज्जुपुर, थाना भगवानपुर | कोतवाली लक्सर |
| 18 | उ0नि0 सतेन्द्र बुटोला | व0उ0नि0 थाना भगवानपुर | कोतवाली रूड़की |

## कई थानाध्यक्षों को किया इधर–उधर, कई चौकियों के प्रभारी भी बदले

जोगेंद्र मावी, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** हरिद्वार एसएसपी अजय सिंह ने कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया है, हालांकि कुछ पुराने इंस्पेक्टरों को उम्मीद थी कि उन्हें जिम्मेदारी मिलेगी, वे जुगत भी लगा रहे थे, लेकिन एसएसपी ने थानाध्यक्षों को ही जिम्मेदारी दी। जिसमें सिडकुल थानाध्यक्ष रमेश तनवार को थाना पथरी, कनखल से नरेश राठौर को सिडकुल, थाना बहादराबाद से नितेश शर्मा को थाना कनखल, अनिल चौहान को बुग्गावाला से हटाकर थाना बहादराबाद की जिम्मेदारी सौंपी है। गंगनहर कोतवाली के एसएसआई मनोज शर्मा को थानाध्यक्ष बुग्गावाला भेजा है। इनके अलावा सीआईयू प्रभारी रुड़की मनोहर भंडारी को एसएसआई भगवानपुर भेजा है। पथरी थानाध्यक्ष पवन डिमरी को सीआईयू प्रभारी रुड़की की जिम्मेदारी सौंपी है। एसएसआई रुड़की नरेश गंगवार को कोतवाली ज्वालापुर, दीप कुमार को एसएसआई रुड़की, प्रदीप कुमार को एसएसआई गंगनहर, चौकी प्रभारी मंडावार लोकपाल परमार को एसएसआई पथरी, थाना भगवानपुर से यशवीर नेगी को चौकी प्रभारी गैस प्लांट भेजा है। कोतवाली मंगलौर से नरेंद्र को चौकी प्रभारी मंडावर, सोत ए चौकी प्रभारी विपिन कुमार को लक्सर चौकी बाजार भेजा है। थाना कनखल से अभिनव शर्मा को कोतवाली रानीपुर, बाजार चौकी लक्सर प्रभारी नीरज सिंह रावत को चौकी प्रभारी तेज्जुपुर, तेज्जुपुर प्रभारी दीपक चौधरी को कोतवाली लक्सर, भगवानपुर एसएसआई सतेंद्र बुटोला को कोतवाली रुड़की भेजा है।



# कम्बल एवं खाद्य सामाग्री की दुकानों में लगी विकराल आग





सुमित तिवारी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**मायापुर,(हरिद्वार)।** 24 मई 2023 को एमडीटी सैट के माध्यम से फायर स्टेशन मायापुर में पुल जटवाड़ा के पास बाल्मीकि बस्ती में दुकानों में आग की सूचना मिलने पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में दो फायर यूनिटें तुरन्त घटनास्थल घासमंडी ज्वालापुर पहुंची। घटनास्थल पर अत्यधिक भीड़ जमा थी तथा अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। दो दुकानों में विकराल रूप में फैल रखी आग की लंबी-लंबी लपटों को फायर टीम ने मोर्चा सम्भाला।

**आग की लंबी-लंबी लपटों पर दमकल कर्मियों ने पाया काबू**

दो होज रील तथा 1 होज पाइप फैलाकर आग को तीन तरफ से घेरकर बुझाना प्रारंभ किया, आग की अधिकता को देखते हुए फायर स्टेशन मायापुर से तथा फायर स्टेशन सिडकुल से एक-एक फायर टेंडर घटनास्थल पर और मंगाए गए। संयुक्त रूप से चारों फायर यूनिटों के अथक परिश्रम एवं सूझ बूझ से आग को कंट्रोल कर आसपास की अन्य दुकानों में फैलने से रोका गया। फायर सर्विस की त्वरित कार्यवाही से आसपास स्थित अनेकों दुकानों में आग फैलने से एक बड़े हादसे को होने से बचाया गया। साथ ही आग के साथ निकलने वाले धुएं से भी लोगों को राहत मिली। आग से दोनों दुकान में रखे कपड़े, कंबल, चादर आदि तथा खाद्य सामाग्री को जलने से नुकसान हुआ। इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं है।

## HRTC : कर्मचारी बताएंगे, कैसे कम हो एचआरटीसी का घाटा, 31 से पहले कंडक्टर यूनियन सौपेंगी सुझाव

**शिमला।** एचआरटीसी को घाटे से बाहर निकालने के लिए सभी कर्मचारी यूनियन सरकार को अपने सुझाव सौंपेगी। दरअसल एचआरटीसी यूनियन की डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के साथ बैठक हुई थी। इस बैठक में डिप्टी सीएम ने कर्मचारी यूनियन से सुझाव देने को कहा था। ऐसे में अब एचआरटीसी की सभी यूनियनों ने एचआरटीसी के घाटे के कारणों का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण कर सुझाव तैयार कर लिए है। परिवहन मजदूर संघ पहले ही सरकार को अपने सुझाव सौंप चुकी है। कडंक्टर यूनियन 31 मई से पहले सरकार को रिपोर्ट सौंप देगी। वहीं ड्राइवर यूनियन के सुझाव भी तैयार है। हिमाचल परिवहन मजूदर संघ के प्रांतीय महामंत्री हरीश कुमार पराशर का कहना है कि एचआरटीसी में वर्क टू डेजिगनेशन के हिसाब से काम होना चाहिए, जो कि नहीं हो रहा है। उनका कहना है कि प्रदेशभर में एचआरटीसी के कई ऐसे कर्मचारी हैं, जिन्हें अधिकारियों द्वारा अपने डेजीगनेशन से हटकर कई अन्य काम दिए गए हैं। ऐसे में ड्राइवरों कंडक्टरों की ड्यूटी निर्धारित करते समय भेदभाव किया जाता है।



## 6395355636धर्मशाला-पालमपुर-ज्वालामुखी में बनेंगे हेलिपोर्ट; CM का ऐलान

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को धर्मशाला में जिला कांगड़ा को राज्य की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए कार्यांवित की जा रही पर्यटन और अन्य प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा जिला में जल, साहसिक, धार्मिक और स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और इससे संबंधित आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए लगभग 3000 करोड़ व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए हवाई संपर्क आवश्यक है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार और रक्कड़ तथा पालमपुर में हेलिपोर्ट का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा ज्वालामुखी में भी धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से हेलिपोर्ट बनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि यहां पर हैंगर हेलिपोर्ट होगा, जिसमें तीन से चार हेलिकॉप्टर खड़े भी रहेंगे। पवन हंस कंपनी को डीपीआर बनाने के लिए भी कह दिया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करने और एफसीए और एफआरए की मंजूरियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रक्कड़ और पालमपुर में हेलिपोर्ट के विकास के लिए साइटों की पहचान कर ली गई है। रक्कड़ हेलीपोर्ट की अनुमानित लागत 6.66 करोड़ रुपए और पालमपुर हेलिपोर्ट की नौ करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ज्वालामुखी में हेलिपोर्ट के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।




## 300 फुट गहरी खाई में गिरा ऑटो, 7 लोगों की मौत



जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भीषण सड़क हादसा पेश आया है। यहां बुधवार को डांगदुरु बांध के पास एक ऑटो गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब पनबिजली परियोजना में लगे श्रमिकों को ले जा रहा ऑटो बांध के पास फिसलकर 300 फुट गहरी खाई में गिर गया। केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया , "डंगडुरु बांध स्थल पर दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना के बारे में किश्तवाड़ के डीसी डॉ. देवांश यादव से बात की। घायलों को आवश्यकता के अनुसार जिला अस्पताल किश्तवाड़ या जीएमसी डोडा में स्थानांतरित किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

# तेज आंधी तूफान और बारिश ने ढाया कहर

सुमित तिवारी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

## शिवालिक नगर चौक पर गिरा पोल हो सकता था बड़ा हादसा



- ज्वालापुर क्षेत्र में पेड़ के नीचे दबने से 01 बच्चे की मौत, 03 घायलों का कराया जा रहा है इलाज
- तूफान की चपेट में आकर शहर क्षेत्र में एक युवक की मृत्यु, मृतक के चाचा का पुलिस टीम ने किया रेस्क्यू
- पेड़ गिरने के कारण जनपद में जगह-जगह बाधित सड़क मार्ग/मार्गों को वुड कटर मशीन की सहायता से सामान्य किया जा रहा है
- तेज तूफान के चलते घटी घटना अप्रत्याशित थी, हमारी सभी टीमें हर स्थिति से निपटने को तैयार हैं, हम हर संभव तरीके से पीड़ितों कि मदद का प्रयास कर रहे हैं : एसएसपी अजय सिंह

**हरिद्वार।** हरिद्वार में आई तेज आंधी ने पूरे शहर में अफरा तफरी का माहौल कर दिया। जगह जगह टीन शेड उड़ गए। दुकानों पर लगे बोर्ड उखड़ गए। बिजली के खंबे व तार टूट गए और सड़क के बीचों बीच बड़े बड़े पेड़ गिर गए जिससे आवागमन बाधित हो गया। अफरा तफरी का माहौल तो तब बना जब भेल और रोशनाबाद के बीच सबसे व्यस्ततम मुख्य चौराहे शिवालिक नगर पर लगा अवैध यूनीपोल गिर गया।

गनीमत रही की उसके नीचे कोई नही आया वरना बहुतों की स्थिति खराब हो सकती थी। उत्तराखंड प्रहरी द्वारा आपको यह भी बता दें कि इस अवैध यूनीपोल को लेकर नगर पालिका और भेल प्रबंधन के बीच पहले से विवाद चला आ रहा है जिस पर भेल प्रबंधन द्वारा पहले भी अवैध बताकर नोटिस चस्पा किया जा चुका है। लेकिन भेल प्रबंधन के आरोप के अनुसार शिवालिक नगर पालिका के कुछ आधिकारियों और कुछ विशेष पदाधिकारियों की मिली भगत से ये यूनीपोल खड़े हुए है। जबकि कायदे में तो मुख्य चौराहों के बीच यूनीपोल होने ही नही चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना हो ऐसे ही शहर में जगह जगह बहुत सी घटनाएं घटित हुई।





### घटनाएं इस प्रकार

**केस नं. 01**

ज्वालापुर क्षेत्रान्तर्गत अंसारी मार्केट के पास पीपल के विशालकाय पेड़ के मकान पर गिरने से बच्चे सहित कई व्यक्ति दब गए। सूचना मिलते ही हल्की बारिश के बीच फोर्स सहित मौके पर पहुंचकर जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल व एसएसपी श्री अजय सिंह ने रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान अपने हाथों में ली। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ के नीचे दबे इरफान, समीर, कर्मवीर, हर्ष और 10 वर्षीय बालक मुनीर खान को टीम व स्थानीय लोगों की मदद से घायल अवस्था में बाहर निकालकर 108 एम्बुलेंस की माध्यम से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों द्वारा 10 वर्षीय बालक को मृत घोषित करते हुए गंभीर रूप से घायल इरफान को हायर सेंटर रेफर किया गया। मृतक के पंचायतनामे की कार्यवाही की जा रही है।

**घटना में घायल व्यक्तियों का विवरण**

1- हर्ष चौपड़ा पुत्र भूषण लाल उम्र 36 वर्ष निवासी गुरुद्वार रोड़ ज्वालापुर
2-इरफान पुत्र खलील निवासी मौ0 कोटरावान ज्वालापुर उम्र 36 वर्ष
3- समीर खान पुत्र जुल्फकार उम्र 27 वर्ष निवासी लोधा मंडी ज्वालापुर
4-कर्मवीर पुत्र गंगा स्वरुप उम्र 40 वर्ष निवासी सर्वानन्द घाट हरिद्वार

**मृतक बालक**

मुनीर खान पुत्र जुल्फकार निवासी अहबाबनगर ज्वालापुर हरिद्वार उम्र 10 वर्ष

**केस नं. 02**

तेज आंधी तूफान के कारण चमकादड टापू में गिरे पेड़ की चपेट में आकर कन्नौर सोनीपत हरियाणा निवासी चाचा भतीजे घायल हो गए। दोनो घायलों को जिला चिकित्सालय ले जाने पर चिकित्सकों द्वारा भतीजे योगेश को मृत घोषित कर दिया गया। घायल करमवीर को हल्की चोटें होने के कारण अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मृतक के पंचायतनामें की कार्यवाही प्रचलित है।

**मृतक का विवरण**

योगेश निवासी कन्नौर सोनीपत हरियाणा

**घायल का विवरण**

करमवीर पुत्र गंगाराम निवासी कन्नौर सोनीपत हरियाणा

## प्रॉपर्टी डीलर से 01 करोड़ की फिरौती मांगने सम्बन्धित मामले में हरिद्वार पुलिस ने दबोचा 5000/- का इनामी

सुमित शशकल्याण / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**ज्वालापुर।** आर्यनगर ज्वालापुर निवासी प्रॉपर्टी डीलर को कॉल कर एक करोड़ रूपए की फिरौती मांगने सम्बन्धी प्रकरण में लगभग 03 वर्षों से फरार चल रहे 5000 के इनामी अभियुक्त नवीन को एसएसपी अजय सिंह के निर्देशों के अनुक्रम में गठित टीम द्वारा हिसार हरियाणा से दबोचने में सफलता हासिल की है।

अल्मोड़ा जेल में बंद अपने भाई को मिलने गए अभियुक्त नवीन की आईडी पर लिए गए सिम से ही कुख्यात गैंगस्टर कलीम ने प्रॉपर्टी डीलर को कॉल कर 01 करोड़ की फिरौती मांगी थी। तत्पश्चात धमकाने की नियत से गैंगस्टर कलीम ने अपने गुर्गों से प्रॉपर्टी डीलर के घर पर फायरिंग की घटना को भी अंजाम दिया था। फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी के अनेक प्रयास करने पर भी सफलता न मिलने पर अपना धैर्य बनाए रख पुलिस टीम ने कल मु0अ0सं0 525/ 2020 धारा 386/506 आईपीसी में अभियुक्त उपरोक्त को उसके घर से दबोचा गया। एसएसपी हरिद्वार द्वारा घोषित 5000/- के इनामी अभियुक्त को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**इनामी अभियुक्त का विवरण**

नवीन कुमार पुत्र जगबीर सिंह ग्राम चंदवा थाना सदर हांसी जिला हिसार हरियाणा।

**पुलिस टीम**

1. SHO ज्वालापुर कुंदन सिंह राणा
2. SI महिपाल सैनी
3. C संदीप कुमार

## भैरव सेना ने फूंका विकास प्राधिकरण का पुतला

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

### कनखल में आवासीय भूमि पर व्यवसायिक हॉस्पिटल के निर्माण का मामला

### निर्माण कार्यों पर रोक न लगी तो होगी तालाबंदी



**हरिद्वार।** भैरव सेना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने विकास प्राधिकरण का पुतला भी दहन किया। प्रदर्शन करते हुए हिमांशु राजपूत ने कहा कि गुरबख्श विहार ईस्ट कॉलोनी कनखल में आवासीय भूमि पर व्यवसायिक हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है। गुरबख्श विहार ईस्ट कॉलोनी कनखल में आवासीय में भवन के लिए विकास प्राधिकरण से तीन मंजिल भवन का निर्माण विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराया गया, लेकिन आवासीय भूमि पर चार मंजिल व्यवसायिक हॉस्पिटल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार विकास प्राधिकरण के सचिव को शिकायत पत्र सौंपा जा चुका है, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द हॉस्पिटल निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगी तो विकास प्राधिकरण कार्यालय की तालाबंदी की जाएगी। उन्होंने व्यवसायिक हॉस्पिटल के निर्माण कार्य पर रोक लगाकर सीलिंग की कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में मोहित कश्यप, अजय नामदेव, दीपक राजपूत, सचिन चौधरी, विष्णु राजपूत, आशीष, विशाल, अमन चौहान, अनुभव चौहान, अभिषेक, प्रमोद कश्यप, बॉबी यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी अजय सिंह ने लिया कड़ा फैसला

**प्रभारी समेत पूरे चौकी स्टाफ को किया लाइन हाजिर**

**लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं :: एसएसपी हरिद्वार**

**हरिद्वार।** 23 मई को चौकी भिक्कमपुर क्षेत्रांतर्गत ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक व्यक्ति व बच्चे की मृत्यु एवं एक बच्ची के घायल हो जाने की घटना की रिपोर्ट के आधार पर कड़ा कदम उठाते हुए एसएसपी अजय सिंह द्वारा चौकी प्रभारी भिक्कमपुर समेत पूरी चौकी को लाइन हाजिर करने के आदेश जारी किए गए साथ ही अरविंद रतूड़ी को प्रभारी चौकी भिक्कमपुर बनाया गया है।

**लाइन हाजिर**

**अधि०/कर्मचारीगण का विवरण**

Si अशोक रावत
1-C दीपक ममगाई
2-C अनिल
3-C राजेन्द्र
4-C सोबन
5-C मनोज
6-C ललित
7-C जगत

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com